
# 'इंडियन फिल्म फेस्टिवल' में होगी 'लगान' की स्क्रीनिंग




## यह फेस्टिवल 13 से 23 अगस्त तक ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में होने जा रहा है

**इंडियन** फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न का 17वां संस्करण 13 से 23 अगस्त तक ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में होने जा रहा है। इस बार इसकी शुरुआत एक खास कार्यक्रम से होगी, जिसमें फिल्म 'लगान' के 25 साल पूरे होने का जश्न मनाया जाएगा। यह 9 जुलाई को मेलबर्न के एसीएमआई सिनेमा में होगा। इसमें आमिर खान शामिल होंगे और 'लगान' की विशेष स्क्रीनिंग में हिस्सा लेकर फेस्टिवल की शुरुआत करेंगे। साल 2001 में रिलीज हुई 'लगान' भारतीय सिनेमा की उन चुनिंदा फिल्मों में शामिल है, जिन्हें ऑस्कर पुरस्कार के बेस्ट फॉरेन लैंग्वेज फिल्म कैटेगरी में नॉमिनेशन मिला था। यह उपलब्धि हासिल करने वाली भारत की दूसरी फिल्म थी। विक्टोरिया सरकार के सहयोग से आयोजित होने वाला आईएफएफएम भारतीय सिनेमा का एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मंच बन चुका है। पिछले वर्षों में इस फेस्टिवल में शाहरुख खान, अमिताभ बच्चन, ए.आर. रहमान, ऐश्वर्या राय बच्चन, रानी मुखर्जी, राम चरण, विजय सेतुपति, विकी कौशल, विजय वर्मा और कीर्ति सुरेश सहित कई कलाकार शामिल हो चुके हैं। फेस्टिवल की निदेशक मितु भौमिक लांगे ने कहा कि 'लगान' भारतीय सिनेमा की एक मील का पत्थर साबित हुई है। इसके 25 साल पूरे होने के मौके पर आमिर खान की मौजूदगी के साथ महोत्सव की शुरुआत करना उनके लिए खास है। इस साल के महोत्सव में दुनिया भर के फिल्मकार, कलाकार और सिनेमा प्रेमी शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान फिल्मों की स्क्रीनिंग, प्रीमियर, मास्टरक्लास और कई सांस्कृतिक आयोजन किए जाएंगे।